दिन– रविवार                                                                 दिनांक– 05 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।                                                अवधिः– 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी प्रगति यात्रा के दौरान आज मुजफ्फरपुर जिले में पांच सौ करोड़ रूपये से अधिक की योजनओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर क्षेत्र में लगातार काम कर रही है जिससे विकास को नई गति मिली है। श्री कुमार ने कहा कि मुजफ्फरपुर में ट्रैफिक जाम की समस्या को दुर करने के लिए जिले के पूर्वी भाग में रिंग रोड का निर्माण कराया जायेगा। इससे सीतामढ़ी और दरभंगा जाने में समय की भी काफी बचत होगी। उन्होंने कहा कि राम दयालु चौक पर जाम की समस्या को दुर करने के लिए गोबरसही और रामदयालु नगर में रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी का शीघ्र निर्माण कराया जायेगा। मुख्यमंत्री ने मुजफ्फरपुर के बैरिया बस स्टैंड का नाम अमर शहीद बैकुण्ठ शुक्ल के नाम पर करने की भी घोषणा की।

———————————————————————————

राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए ने फुलवारीशरीफ के पीएफआई आतंकी फंडिंग मामले में एक मुख्य आरोपी मोहम्मद सज्जाद आलम को दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी पूर्वी चंपारण जिले का रहने वाला है। एजेंसी ने कहा कि आरोपी प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया का प्रशिक्षित कैडर है और उसके खिलाफ एनआईए, पटना की विशेष अदालत की ओर से गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। एनआईए की जांच के अनुसार, आरोपी दुबई से संयुक्त अरब अमीरात, कर्नाटक और केरल स्थित सिंडिकेट्स के माध्यम से बिहार में पीएफआई कैडरों को अवैध धन पहुंचाने में शामिल था। इस फंड का इस्तेमाल पीएफआई की आपराधिक और गैरकानूनी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए किया गया था।

———————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री स्वर्गीय सुशील मोदी की आज पचहत्तरवीं जयंती है। भाजपा की ओर से इस मौके पर पटना सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। मुख्य कार्यक्रम पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने सुशील मोदी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

---

सिखों के दसवें और अंतिम गुरु, गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के तीन सौ अट्ठावनवें जन्मोत्सव के दूसरे दिन आज कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पटना सिटी स्थित तख्तश्री हरमंदिर साहिब में देश के विभिन्न भागों से आई हुजुर रागी संगीत मंडलियां कीर्तन में हिस्सा ले रही हैं और श्रद्धालुओं को खालसा पंथ के संस्थापक से जुड़ी कहानियां सुना रही हैं। तख्त श्री हरमंदिर साहिब सहित निकटवर्ती गुरूद्वारों में लंगर आयोजित किए जा रहे हैं। प्रकाश पर्व को लेकर पटना के गाय घाट, बाल लीला, गुरु का बाग, कंगन घाट और हांडी साहिब गुरुद्वारों को भी आकर्षक ढंग से सजाया गया है। अशोक राजपथ के चौक थाना मोड़ से लेकर कंगन घाट तक भव्य और आकर्षक सजावट की गई है। उत्सव को लेकर पटना जिला प्रशासन की ओर से भी व्यापक प्रबंध किये गये हैं। जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि भीड़ प्रबंधन के लिए तिरासी स्थलों पर एक सौ पंद्रह मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गयी है। प्रकाशोत्सव को लेकर पटना सिटी में भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगायी गयी है।

---

सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से पूरा प्रदेश ठंड की चपेट में है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज पूर्वी चंपारण के मोतिहारी में सबसे कम न्यूनतम तापमान छह दशमलव सात डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वैशाली, समस्तीपुर और नालंदा में अति शीत दिवस और पटना तथा मोतिहारी में शीत दिवस की स्थिति बनी रही। विभाग के अनुसार पटना में अति घना कोहरा और गया, भागलपुर और पूर्णियां में घना कोहरा दर्ज किया गया। अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश जिलों में सुबह के समय घना कोहरा छाये रहने की संभावना है। विभाग ने

कहा है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इसके बाद न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट का पूर्वानुमान है।

———————————————————————————

समाप्त